आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 18.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो–दो हजार पच्चीस का उद्घाटन किया।
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आयोजित पी.एम. विश्वकर्मा प्रदर्शनी–सह–व्यापार मेला' का कल समापन हो गया।
- दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से टुसनाबाद पटवार सर्कल को छोलदारी पटवार सर्कल में स्थानांतरित किया गया।
- प्रशासनिक कारणों से जहाजरानी सेवा निदेशालय ने अंतरद्वीपीय जलयान यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के लोगों की आकांक्षाओं से संचालित भारत का ओटोमोबाईल क्षेत्र अभूतपूर्व कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है। श्री मोदी ने कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में छह दिन के भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो दो हजार पच्चीस का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी क्षेत्र में अप्रत्याशित कायाकल्प और अभूतपूर्व वृद्धि की साक्षी बनेगी। उन्होंने कहा कि देश के ओटो उद्योग में पिछले वर्ष बारह प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक–इन–इंडिया पहल की शक्ति से देश के ओटो उद्योग की वृद्धि को समर्थन मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस समय विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा यात्री वाहन बाजार है। भारत के ऑटो उद्योग की विकास क्षमता में मेक इन इंडिया पहल की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए श्री मोदी ने कहा कि पी एल आई स्कीम ने मेक इन इंडिया अभियान को नई गति प्रदान की है और दो लाख पच्चीस हजार करोड रुपए से अधिक की बिक्री की है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस स्कीम ने इस क्षेत्र में डेढ लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराए हैं। छह दिन की प्रदर्शनी में पांच हजार से अधिक प्रतिभागी और आठ सौ प्रदर्शक अपने उत्पाद दिखाएंगे।

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का विषय है– सीमाओं से परेः भावी ओटोमोटिव मूल्य श्रृंखला का सह–सृजन। इस विजन का उद्देश्य ओटोमोटिव और मोबिलिटी क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ाना है।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय अण्डमान निकोबार द्वीप प्रशासन के समन्वय से प्रदर्शनी मैदान में चल रहे तीन दिवसीय पी.एम. विश्वकर्मा प्रदर्शनी–सह–व्यापार मेला' का कल समापन हो गया। मेले के समापन के दिन छात्रों और युवाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिताएं, नृत्य और गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद दर्शकों के आनंद के लिए शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य पी एम विश्वकर्मा योजना के तहत कवर किए गए अट्ठारह ट्रेडों के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को अपने हाथों और औजारों से काम करने के लिए मान्यता और विपणन सहायता प्रदान करना था।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए नए ग्राहकों तक पहुंच आसान बनाने के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम ने डिजिटल प्लेटफार्म की शुरूआत की है। राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम एम एस एम ई मंत्रालय की एक इकाई है, जो लघु और मध्यम उद्योगों को मार्केटिंग, तकनीक तथा ऋण के साधन उपलब्ध करवाकर सहयोग करता है। निगम की ओर से शुरू किए गए डब्लू डब्लू डब्लू डॉट एम एस एम ई डॉट कॉम नामक यह पोर्टल एम एस एम ई को उनके उत्पाद तथा सेवाओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा। इसके साथ इस पोर्टल पर टेंडर की सूचना, फ्रेंचाइजी की सूचना समेत अन्य जानकारी मिल सकेगी। पोर्टल पर विदेशी ग्राहकों तथा व्यापारिक कार्यक्रम के साथ–साथ सरकार की योजनाओं की भी जानकारी मिल सकेगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने पोर्ट–मोट राजस्व गांव के अधिकार क्षेत्र को टुसनाबाद पटवार सर्कल से छोलदारी पटवार सर्कल में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस पहल से पोर्ट–मोट के निवासियों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान हो सकेगा। छोलदारी पटवार सर्किल को अधिकार क्षेत्र में आ जाने से स्थानीय निवासियों को अपनी दैनिक राजस्व संबंधी सेवाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी और आवश्यक सरकारी सेवाओं तक उनकी समग्र सुविधा और दक्षता में सुधार होगा।

यह निर्णय अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भूमि राजस्व और भूमि सुधार विनियमन, उन्नीस सौ छियासठ के प्रावधानों के तहत किया गया है।

<><><><><><><>

अखिल भारतीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका महासंघ के आह्वान पर देशभर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियनों ने संबंधित क्षेत्र के बाल विकास परियोजना अधिकारियों के माध्यम से भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें आंगनवाड़ी कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को आगामी केंद्रीय बजट में शामिल करने का विवरण दिया गया है। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन ने समाज कल्याण निदेशालय के कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। राज्य समिति के अध्यक्ष आर. सुरेन्द्रन पिल्लई ने यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ कल कार्यक्रम अधिकारी से मुलाकात की और केंद्रीय वित्त मंत्री को भेजे जाने वाले ज्ञापन को सौंपा। संघ के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष गीता देवी, महासचिव आर. अंबुकरसी और कोषाध्यक्ष फुलकारिया डुंग–डुंग शामिल थे। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने सेवाओं के नियमितीकरण पर गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को ग्रेच्युटी पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को तत्काल लागू करने, सहायकों को 26,000 रुपये और श्रमिकों को 32,000 रुपये न्यूनतम वेतन देने, पैंतालिसवीं और छियालिसवीं आई एल सी की सिफारिशों के अनुसार पेंशन, ई एस आई, पी एफ आदि प्रदान करने की मांग की है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से जहाजरानी सेवा निदेशालय ने अंतरद्वीपीय जलयान यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया है। जलयान नालंदा अब ननकौड़ी और कच्छाल होते हुए इक्कीस जनवरी को सुबह नौ बजे कैम्पबेल–बे के लिए रवाना होगा और इसकी वापसी तेईस जनवरी को ननकौड़ी होते हुए सुबह आठ बजे होगी। जलयान सिंधु अब अट्ठाईस जनवरी को सुबह नौ बजे ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल–बे जाएगा और इसकी वापसी तीस जनवरी को सुबह आठ बजे इन्हीं मार्गों से होगी। जहाज़ हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

डीब्रेट के पास डॉलीगंज जंक्शन पर ए पी डब्ल्यू डी द्वारा पाइप लाइन की मरम्मत कार्य किए जाने के कारण भूमिगत बिजली केबलों को एहतियातन अलग करने के चलते आज सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक डॉलीगंज के कुछ हिस्सों, पहाड़गांव के कुछ हिस्सों, आई सी एम आर कॉलोनी क्षेत्र, स्कूल लाइन के कुछ हिस्सों और लांबा लाइन पर जल उपचार संयंत्र क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसके अलावा, गराचरमा सब–स्टेशन पर सी टी बदलने के सिलसिले में भातू बस्ती संपूर्ण लक्ष्मी मोटर क्षेत्र, पाथरगढ़डा, सैटेलाइट कॉलोनी और न्यू–पहाड़गांव में सवेरे दस बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के विज्ञान केंद्र में आज और कल शाम पांच बजकर पैंतालिस मिनट पर एक स्काई–शो आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बृहस्पति–ग्रह और शुक्र–ग्रह के बारे में विवरण शामिल होंगे। आगंतुकों को ग्रहों और अन्य खगोलीय पिंडों का पता लगाने के लिए श्री विजयपुरम के ऊपर आकाश का एक स्काई मैप प्रदान किया जाएगा। इसके बाद शाम छह बजकर पन्द्रह मिनट पर बच्चों के लिए बबल–शो का आयोजन किया जाएगा। कल शाम छह बजकर पन्द्रह मिनट पर जुरासिक पार्क एल एंड एस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान, आगंतुकों को प्रकाश और ध्वनि प्रभाव के माध्यम से पृथ्वी पर विभिन्न युगों में जीवन के विकास को देखने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>